# Fundamental Rights and Duties

**1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का सम्बन्ध है**

(a) शिक्षा से (b) स्वास्थ्य से
(c) अस्पृश्यता उन्मूलन से (d) खाद्य सुरक्षा से

**2. सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की श्रेणी से हटाकर किस अनुच्छेद के अन्तर्गत रखा गया है?**

(a) अनुच्छेद 31
(b) अनुच्छेद 301 (क)
(c) अनुच्छेद 300 (क)
(d) अनुच्छेद 19 (क)

**3. सूचना का अधिकार किस राज्य में लागू नहीं है?**

(a) दिल्ली (b) जम्मू एवं कश्मीर
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) मेघालय

**4. प्रेस की स्वतन्त्रता किस अधिकार में निहित है?**

(a) नियमों के समान संरक्षण
(b) विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
(c) संघ निर्माण की स्वतन्त्रता
(d) कार्य और सामग्री सुरक्षा

**5. भारत में समाचार-पत्रों का स्वातन्त्र्य**

(a) संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में विशेष रूप से उपबन्धित है
(b) संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातन्त्र्य में निहित है
(c) संविधान के अनुच्छेद 361 (क) के उपबन्धों द्वारा प्रत्याभूत है
(d) देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से ही उद्भूत होता है

**6. भारतीय संविधान के अनुसार किसी भी व्यक्ति को, जिसे गिरफ्तार अथवा बन्दी किया जाता है, सबसे नजदीकी मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित करना होगा**

(a) 12 घण्टे के अन्दर (b) 24 घण्टे के अन्दर
(c) 48 घण्टे के अन्दर (d) 72 घण्टे के अन्दर

**7. 14 वर्ष से कम आयु के बहुत से गरीब बच्चे पटाखे बनाने वाले कारखाने में काम करते हैं। इन कारखानों में बच्चों को काम देने से किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है?**

(a) समानता का अधिकार
(b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(c) स्वतन्त्रता का अधिकार
(d) सांस्कृतिक शिक्षा का अधिकार

**8. 'आधारभूत स्वरूप सिद्धान्त' (बेसिक स्ट्रक्चर डॉक्ट्रिन) उच्चतम न्यायालय द्वारा किस मामले के दौरान निरूपित किया गया?**

(a) गोलकनाथ मामला
(b) मेनका गाँधी मामला
(c) केशवानन्द भारती मामला
(d) एस आर बोम्मई मामला

**9. निम्नलिखित में से किस एक अधिकार को डॉ. बी आर अम्बेडकर द्वारा संविधान की आत्मा कहा गया है?**

(a) धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार
(b) सम्पत्ति का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) संवैधानिक उपचार का अधिकार

**10. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत के संविधान में विद्यमान मूल अधिकारों के साथ मूल कर्त्तव्यों को जोड़ा गया था?**

(a) वर्ष 1965 (b) वर्ष 1976
(c) वर्ष 1979 (d) वर्ष 1982

**11. निम्नलिखित में से किस एक वर्ष में सूचना का अधिकार अधिनियम प्रभावी हुआ?**

(a) वर्ष 2003 (b) वर्ष 2004
(c) वर्ष 2005 (d) वर्ष 2006

**12. "भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।" यह उपबन्ध किसमें किया गया है?**

(a) संविधान की उद्देशिका
(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व
(c) मूल अधिकार (d) मूल कर्त्तव्य

**13. भारतीय संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों की सूची निम्नलिखित में से किस भाग के रूप में जोड़ी गई थी?**

(a) चार (क) (b) पाँच (क)
(c) दो (ख) (d) तीन (ग)

**14. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में मौलिक कर्त्तव्य की चर्चा की गई है?**

(a) अनुच्छेद 51 (A) (b) अनुच्छेद 50 (A)
(c) अनुच्छेद 49 (A) (d) अनुच्छेद 52 (A)

**15. वर्तमान में संविधान में कुल कितने मूल कर्त्तव्यों का उल्लेख है?**

(a) 8 (b) 10 (c) 11 (d) 12

**16. मौलिक कर्त्तव्यों की अवहेलना करने वालों को**

(a) दण्ड देने की व्यवस्था है
(b) दण्ड देने की व्यवस्था नहीं है
(c) कुछ विशेष मामलों में दण्ड देने की व्यवस्था है
(d) अधिनियम बनाकर दण्ड देने की व्यवस्था है

**17. निम्नलिखित में से भारत में मौलिक कर्त्तव्य कौन-सा है?**

(a) न्यायपालिका से कार्यपालिका का पृथक्करण
(b) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करना
(c) बच्चों के लिए मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा
(d) छुआछूत की परम्परा को समाप्त करना

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?**

(a) संविधान का पालन करना
(b) देश की एकता और अखण्डता की रक्षा करना
(c) धर्मनिरपेक्षता का पालन करना
(d) सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखना

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?**

(a) आम भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना
(b) राष्ट्रीय उद्यमों का संरक्षण करना
(c) वैज्ञानिक संस्कार का विकास करना
(d) भारत की समृद्ध विरासत का संरक्षण करना

**20. निम्न में से कौन-सा सही नहीं है?**

(a) मूल कर्त्तव्य, मौलिक अधिकारों का हिस्सा हैं
(b) मूल कर्त्तव्य, मौलिक अधिकारों का भाग नहीं है
(c) भारतीय संविधान के भाग-IV (क) में मौलिक कर्त्तव्य गिनाए गए हैं
(d) अनुच्छेद 51 (A) प्रत्येक भारतीय नागरिक के 11 कर्त्तव्यों की व्याख्या करता है

**21. निम्न में से किस एक की संस्तुति के आधार पर मूल कर्त्तव्यों से सम्बन्धित प्रावधानों को भारत के संविधान में जोड़ा गया था?**

(a) बलवन्त राय मेहता समिति
(b) अशोक मेहता समिति
(c) स्वर्ण सिंह समिति (d) सरकारिया आयोग

**22. मौलिक कर्त्तव्य किस देश की प्रेरणा से संविधान में शामिल किया गया है?**

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) रूस
(c) इंग्लैण्ड (d) जर्मनी

**23. भारतीय संविधान के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा मूल कर्त्तव्य नहीं है?**

(a) लोक चुनावों में मतदान करना
(b) वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करना
(c) सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा करना
(d) संविधान के प्रति निष्ठावान रहना और उसके आदर्शों का सम्मान करना

**24. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस/किन उपबन्ध/उपबन्धों को भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम द्वारा पूरा किया गया है?**

1. मूल अधिकार 2. मूल कर्त्तव्य
3. राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए**

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) केवल 3 (d) 1 और 2

# Answer Key-Hindi

1. (c) 2. (c) 3. (b) 4. (b) 5.(b) 6.(b) 7. (b) 8. (c) 9.(d) 10.(b)
11. (c) 12.(d) 13.(a) 14.(a) 15.(c) 16.(b) 17.(b) 18.(c) 19.(b) 20.(a)
21. (c) 22.(b) 23.(a) 24.(c)

EduBull.com